राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com

prrajbhavanbihar@gmail.com

मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने बिहार के पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ॰ सरदार बूटा सिंह के निधन पर गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 02 जनवरी 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने बिहार के पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ॰ सरदार बूटा सिंह के निधन पर अपनी गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल ने अपने शोकोद्‌गार में कहा है कि स्व॰ डॉ॰ सरदार बूटा सिंह एक कुशल प्रशासक, समाज के अभिवंचित वर्ग के हितों के प्रति अत्यन्त संवेदनशील एवं लोकप्रिय राजनेता थे। बिहार के राज्यपाल तथा केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में मंत्री के पदों पर रहते हुए उन्होंने अपनी महत्वपूर्ण सेवाएँ दी। उनके निधन से सामाजिक–राजनीतिक जगत्‌ को अपूरणीय क्षति हुई है।

राज्यपाल ने दिवंगत स्व॰ सरदार बूटा सिंह की आत्मा को चिरशांति तथा शोक–संतप्त उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस दारूण घड़ी में धैर्य–धारण की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

....